तापमान
अधिकतम 32 डिग्री
न्यूनतम 26 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि

रायपुर, रविवार 12 जुलाई 2026

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

11 शहर की पेयजल व्यवस्था में होगा बड़ा बदलाव

12 भाजपा पार्षदों की बैठक में उभरा असंतोष


Shri Gopala HOSPITAL
श्री गोपाला चाइल्ड एण्ड डेंटल केयर हॉस्पिटल
रत्नाबांधा, दुर्ग रोड, धमतरी
सर्वसुविधायुक्त बच्चों का अस्पताल

बच्चों के संपूर्ण टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध

24 घंटे बच्चों के भर्ती व आपातकालीन इलाज

बच्चों के फ्रेक्चर, सर्जरी व ऑपरेशन की सुविधा
सोनोग्राफी, एक्सरे एवं सभी प्रकार के पैथालॉजी जांच सुविधा उपलब्ध

B.M. COLLEGE
BCA BBA
PGDCA B.Ed.
आई.टी.आई.
कोपा इलेक्ट्रिशियन
हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
डीजल मैकेनिक
फायर टेक्नालॉजी
स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
9340311314, 9300850065
9303898329, 9098849923

## नए आपराधिक कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन पर पुलिसकर्मियों को मिला प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

पुलिस ने नए आपराधिक कानूनों के प्रभावी और गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन के उद्देश्य से पुलिस लाइन रूद्री स्थित कम्पोजिट भवन में एक दिवसीय विशेष कार्यशाला हुई। एसपी सूरज सिंह परिहार के निर्देशन में आयोजित इस कार्यशाला में सेवानिवृत्त पूर्व विशेष पुलिस महानिदेशक आरके विज (आईपीएस) ने मुख्य वक्ता के रूप में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए)-2023 के विधिक एवं व्यावहारिक पहलुओं पर मार्गदर्शन दिया।

**धमतरी पुलिस की विशेष कार्यशाला : सेवानिवृत्त आईजी ने दिया विशेष मार्गदर्शन**





कार्यशाला में जिले के सभी थाना-चौकी प्रभारियों, विवेचना अधिकारियों, सीसीटीएनएस ऑपरेटरों और प्रशिक्षु उप निरीक्षकों सहित लगभग 250 पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान डिजिटल एवं इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य संकलन, गिरफ्तारी, तलाशी, जब्ती, वैज्ञानिक विवेचना और प्रभावी अभियोजन से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर प्रकरण आधारित चर्चा की गई।

एसपी सूरजसिंह परिहार ने कहा कि बदलते कानूनी परिदृश्य में पुलिस बल का निरंतर प्रशिक्षण और क्षमता विकास आवश्यक है। उन्होंने गुणवत्तापूर्ण विवेचना, वैज्ञानिक साक्ष्यों के प्रभावी उपयोग और मजबूत अभियोजन ⏩ शेष पेज 10 पर

### खबर संक्षेप

### भावना पांडेय होंगी धमतरी जिले की नई एसपी

**धमतरी।** जिला पुलिस विभाग की कमान संभाल रहे एसपी सूरजसिंह परिहार का तबादला हो गया है।


भावना पांडेय

- एसपी सूरजसिंह परिहार का हुआ तबादला

उनके स्थान पर भावना पांडेय जिले की पुलिस अधीक्षक होंगी। राज्य शासन के गृह पुलिस विभाग द्वारा प्रदेश में प्रशासनिक फेरबदल करते हुए 24 आईपीएस अधिकारियों की तबादला सूची जारी की गई है जिसमें धमतरी जिला भी प्रभावित हुआ है। लगभग डेढ़ वर्ष से जिला पुलिस विभाग की कमान संभाल रहे एसपी सूरजसिंह परिहार भापुसे 2015 का तबादला सेनानी चौंथी वाहिनी छग सशस्त्र बल माना रायपुर के पद पर हुआ है। उनके स्थान पर पुलिस मुख्यालय में सहायक पुलिस महानिरीक्षक विशेष शाखा के पद पर पदस्थ भावना पांडेय भापुसे को धमतरी जिले की पुलिस अधीक्षक नियुक्त किया गया है।

### नपं करेली बड़ी में आपरेशन सिंदूर उद्यान का लोकार्पण आज


रूपकुमारी चौधरी


अजय चंद्राकर

**मगरलोड।** नगर पंचायत करेली बड़ी में वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा आपरेशन सिंदूर उद्यान का लोकार्पण आज 12 जुलाई को सुबह 11.30 बजे किया जाएगा। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रूपकुमारी चौधरी सांसद महासमुंद होंगी। अध्यक्षता अजय चंद्राकर विधायक कुरूद करेंगे।

### गोंडवाना गोंड महासभा की बैठक आज

**धमतरी।** गोंडवाना गोंड महासभा की राष्ट्रीय कार्यशाला 19 जुलाई रविवार को प्रस्तावित है। कार्यक्रम की तैयारी बैठक आज 12 जुलाई को आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान सेक्टर 24 नया रायपुर (छत्तीसगढ़) में दोपहर 12 बजे महासभा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष खामसिंह मांझी ओडिशा की अध्यक्षता में होगी। राष्ट्रीय एवं प्रांतीय पदाधिकारियों से उपस्थिति की अपील महासभा के राष्ट्रीय सचिव आरएन ध्रुव ने की है।



16 साल पहले आरटीआई कार्यकर्ता ने की थी फर्जीवाड़ा की शिकायत, लोक आयोग ने अब किया प्रकरण नस्तीबद्ध

# शिक्षाकर्मी वर्ग-2 फर्जीवाड़ा की जांच पूरी, कार्रवाई शून्य

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिला पंचायत में शिक्षाकर्मी भर्ती फर्जीवाड़ा पर आगे की कार्रवाई अब शासन के पाले में आ गई है। 20 वर्ष पुराने इस मामले में छत्तीसगढ़ लोक आयोग रायपुर ने जांच कम्पलीट कर प्रकरण नस्तीबद्ध कर दिया है। जांच में भर्ती प्रक्रिया में कई हेराफेरी की पुष्टि हुई है। लोक आयोग में मामला पेंडिंग होने के कारण कोई भी कार्रवाई नहीं हुई थी। अब कार्रवाई की उम्मीद की जा रही है।


कृष्णकुमार साहू

मगरलोड जनपद पंचायत में शिक्षाकर्मी वर्ग 3 में हुए फर्जीवाड़ा में कई आरोपी सलाखों के पीछे पहुंच गए हैं। कई आरोपियों की अग्रिम जमानत खारिज हो चुकी है। कई फरार चल रहे हैं। इस बीच अब जिला पंचायत धमतरी में शिक्षाकर्मी वर्ग 2 भर्ती में फर्जीवाड़ा करने वालों पर कार्रवाई की तलवार लटक रही है। उल्लेखनीय है कि जिला पंचायत में शिक्षाकर्मी वर्ग 2 की भर्ती आज से 20 साल पहले वर्ष 2006 में हुई थी। शिकायतकर्ता आरटीआई कार्यकर्ता कृष्णकुमार साहू ने 16 साल पहले इस मामले में गड़बड़ी का खुलासा करते हुए छत्तीसगढ़



लोक आयोग में प्रकरण पेश किया था। इस मामले के कई आरोपी शासन-प्रशासन के अहम पदों पर बैठे हैं, जिसके चलते जांच और कार्रवाई प्रभावित होती रही। लोग आयोग को जांच पूरी करने और प्रकरण नस्तीबद्ध करने में ही 16 साल लग गए। यह मामला लोक आयोग में चल रहा था, जिसके चलते आरोपियों पर कार्रवाई भी नहीं हो पा रही थी। अब लोक आयोग से जांच कम्पलीट हो चुकी है।

छत्तीसगढ़ लोक आयोग रायपुर के प्रमुख लोकायुक्त न्यायमूर्ति आईएस उबोवेजा ने प्रतिपक्षी शासकीय सेवकों के विरूद्ध शिक्षाकर्मी वर्ग 2 भर्ती वर्ष 2006 की नियुक्ति प्रक्रिया में जान बूझकर अमान्य प्रमाण पत्र फर्जी प्रमाण-पत्र, बिना प्रमाण-पत्र के अभ्यर्थियों को विहित अर्हता का अंक प्रदान कर, साक्षात्कार अंक तालिका लेखा के मूल अंक में गड़बड़ी कर अपात्र आवेदकों को नियुक्ति दिए जाने के संबंध में विवेचना के बाद आदेश पारित करते हुए दोषी पाए गए शासकीय सेवकों को विरूद्ध अंतिम कार्रवाई से आयोग को अवगत कराने के निर्देश देते हुए प्रकरण नस्तीबद्ध किया है।

### जांच कार्रवाई में विलंब का प्रयास

जिला पंचायत धमतरी के तत्कालीन मुख्य कार्यपालन अधिकारी वर्तमान में छत्तीसगढ़ शासन के एक विभाग में सचिव के पद पर हैं। वे अपने पद के प्रभाव से जांच कार्रवाई को प्रभावित और विलंब करने का प्रयास कर रहे हैं।

- **कृष्णकुमार साहू**, *आरटीआई कार्यकर्ता*

### मिलीं कई गड़बड़ियां

लोक आयोग ने वर्ष 2011 में कलेक्टर से प्रतिवेदन मंगाया था। जांच दल के साथ कलेक्टर ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया था, जिसमें भर्ती प्रक्रिया में गड़बड़ी सामने आई थी। हिन्दी साहित्य सम्मेलन इलाहाबाद एवं भारतीय शिक्षा परिषद उत्तरप्रदेश द्वारा जारी स्नातक एवं बीएड प्रमाण-पत्र के आधार अंक दे दिया गया था। खेलकूद प्रमाण-पत्र का सूक्ष्मता से परीक्षण नहीं किया गया। अध्यापन कार्य के अनुभव प्रमाण में अंक देते समय सूक्ष्मता से परीक्षण नहीं किया गया। अभ्यर्थियों द्वारा फर्जी प्रमाण-पत्र संलग्न किए गए थे। चयन समिति द्वारा साक्षात्कार के समय अभ्यर्थियों के मूल अंकों में कांट-छांट किया गया था।

# सफर के दौरान बस में हुई यात्री की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

- अपने घर झारखण्ड लौट रहा था युवक

बीजापुर से अपने घर झारखंड जा रहे युवक की यात्रा करते समय बस में ही मौत हो गई। भाई को अचेत हालत में देख उसके साथ यात्रा कर रहा भाई उसे छोड़कर भाग गया।



मृतक के साथी व अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार लालबिहारी भूईयां पिता जनदेव उम्र 32 वर्ष झारखंड में पलमू जिला के पांकी थाना क्षेत्र के ग्राम नगरी का रहने वाला था। लालबिहारी अपने भाई रामनाथ भूईयां व गांव के बसंत भूईयां सहित अन्य लोगों के साथ काम करने बीजापुर के किरंदुल आया था। सभी लोग किरंदुल में छड़ बांधने का काम करते थे। शुक्रवार को लालबिहारी अपने भाई रामनाथ के साथ अपने घर ग्राम नगरी थाना पांकी जाने के लिए बीजापुर से कांकेर की बस में सवार हुए थे। बस सभी यात्रियों को लेकर धमतरी पार कर नेशनल हाइवे से होते हुए रायपुर की तरफ बढ़ रही थी। इसी दौरान बस में सवार लालबिहारी की नाक से अचानक खून बहने लगा। देखते ही देखते युवक बस की सीट पर अचेत हो गया। युवक की हालत देख चालक ने अर्जुनी मोड़ के पास बस को रोककर तत्काल संजीवनी 108 को सूचना दी। इसी बीच रामनाथ अपने भाई ही हालत बिगड़ती देख उसे छोड़कर भाग गया। सूचना पर एंबुलेंस तत्काल मौके पर पहुंची और युवक को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया जहां डाक्टर ने चेकअप के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया। शव को मर्च्यूरी शिफ्ट कर चौकी पुलिस उसकी शिनाख्ति व रामनाथ की तलाश में जुट गई लेकिन शनिवार तक भाई का कहीं पता नहीं चला। भाई को छोड़कर भागे रामनाथ ने अपनी पत्नी को फोन कर लालबिहारी की मौत हो जाने की जानकारी दी थी। उसकी पत्नी ने बसंत भूईयां को रात्रि में फोन कर घटना की सूचना दी। बसंत ने एक पत्रकार के माध्यम से मृतक के जिला अस्पताल धमतरी में होने का पता कराया। उसके बाद बसंत, राजकुमार व कृष्णा जिला अस्पताल गए। शिनाख्ति के बाद चौकी पुलिस ने पंचनामा व पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है। भाई को बस में छोड़कर भागा उसका भाई रामनाथ शनिवार तक नहीं जिला अस्पताल पहुंचा और न ही अपने घर पहुंच पाया है।

### अत्यधिक ब्लीडिंग से मौत की आशंका

सूत्रों के अनुसार युवक को पीलिया की बीमारी थी। शुक्रवार को घर जाने के लिए बस में सफर करने के दौरान उसकी नाक से खून निकलने लगा था। शरीर का पूरा खून बाहर निकल गया। हार्ट भी ब्लड से खाली हो गया था। अत्यधिक ब्लीडिंग के कारण युवक की मौत होने की आशंका जताई जा रही है।

# कमार आवासीय विद्यालय प्राचार्यविहीन

- जिला कमार समाज ने प्राचार्य सहित विभिन्न मांगों का ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिला कमार समाज ने कमार आवासीय विद्यालय में प्राचार्य नियुक्ति करने सहित विभिन्न मांग कलेक्टर से की है। कमार समाज के जिलाध्यक्ष बुधलाल नेताम, सरोज नेताम, श्रवण कुमार, बुधारुराम, हरीलाल आदि ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर कहा है कि कमार बच्चों के विकास के लिए नगरी में शासन द्वारा कमार आवासीय विद्यालय संचालित किया जा रहा है। इस विद्यालय में प्राचार्य के अभाव में विद्यालय का प्रशासनिक कार्य शैक्षणिक गतिविधियां एवं अन्य व्यवस्था का प्रभावी रूप से संचालन नहीं हो पा रहा है। कमार समाज ने कहा है कि पूर्व में खम्हनलाल गंजीर प्रभारी प्राचार्य के पद पर कार्य करने आवेदन किया था। जिसका समाज ने प्रस्ताव किया है। उन्होंने खम्हनलाल गंजीर को प्रभारी प्राचार्य नियुक्त करने की मांग की है।



### कमार भवन में शेड और आहता निर्माण

जिला कमार समाज ने कहा है कि कमार भवन नगरी में आहता नहीं होने से मवेशी भवन परिसर में घुस जाते है और गंदगी फैलाते है। साथ ही बैठक के दौरान अधिक जनसंख्या होने से सामाजिक लोगों को बैठने के लिए जगह छोटा पड़ता है। जिससे काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कमार भवन में आहता तथा शेड निर्माण की मांग की है।

### नया कमार भवन की घोषणा की मांगी जानकारी

कमार समाज ने कलेक्टर को सौंपे एक अन्य आवेदन में कहा है कि कृषि एवं आदिम जाति कल्याण मंत्री रामविचार नेताम ने मसान डबरा भ्रमण के दौरान समाजिकगणों एवं प्रशासनिक अधिकारियों के मौजूदगी में नया कमार भवन निर्माण के लिए 60 लाख रुपया की घोषणा की गई थी, जिसके बारे में कलेक्टर से उन्होंने जानकारी साझा करने की मांग की है।

**एक हजार रुपए सालाना दुर्घटना बीमा पॉलिसी का क्लेम देने से हीलाहवाला करने का मामला**

# एसबीआई इंश्योरेंस के खिलाफ उपभोक्ता आयोग ने 20 लाख भुगतान का दिया आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

एक हजार रुपये सालाना पॉलिसी वाले दुर्घटना बीमा का क्लेम देने से हीलाहवाला करने वाले एसबीआई इंश्योरेंस के खिलाफ उपभोक्ता आयोजन ने फैसला दिया है। फैसला में 20 लाख रुपए की पॉलिसी राशि सहित मानसिक क्षति राशि और वाद खर्च देने का आदेश पारित किया गया है।

कुरुद थाना के ग्राम चटौद निवासी तुषारराम साहू 17 वर्ष नाबालिग की ओर से वली हैसियत माता भारती साहू पति स्व.गोपालराम साहू ने न्यायालय जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग में परिवाद पेश किया कि स्व. गोपालराम साहू ने छग राज्य ग्रामीण बैंक ग्राम दरबा में बचत खाला खोला था जिसके माध्यम से 12 दिसंबर 2023 को एक हजार रुपए की प्रीमियम राशि देकर एसबीआई जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड पचपेड़ी नाका रायपुर में जनरल बीमा कराया था। उक्त पालिसी के अनुसार बीमाधारक की दुर्घटनात्मक मृत्यु होने पर नामिनी को 20 लाख रुपए की क्षतिराशि देय थी। 12 दिसंबर 2024 को गोपालराम साहू अपनी मोटरसाइकिल से अभनपुर से ग्राम चटौद की ओर आ रहा था। रात 8.30 बजे सातपारा होटल के पास पीछे से आ रही कार के चालक ने उसकी मोटरसाइकिल को ठोकर



मार दी जिससे गोपालराम के सिर व शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें पहुंची। उसे अभनपुर के शासकीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी मौत हो गई। थाना अभनपुर में अपराध दर्ज किया गया। परिवादी ने पति की मृत्यु हो जाने के बाद छग ग्रामीण बैंक में जाकर दस्तावेज के साथ आवेदन जमा कर एसबीआई इंश्योरेंस कंपनी से बीमा राशि की मांग की। परिवादी ने बीमा क्षति धन राशि की मांग किए जाने पर भी राशि प्रदान नहीं करने पर जिला उपभोक्ता आयोग में परिवाद प्रस्तुत कर बीमा राशि 20 लाख, मानसिक पीड़ा के लिए 1 लाख तथा वाद व्यय राशि 10 हजार रुपए दिलाने की मांग की।

इस मामले में एसबीआई इंश्योरेंस कंपनी ने अपना पक्ष रखते हुए कहा था कि मृतक बीपी, हार्ट एवं अन्य बीमारी से पीड़ित था। रास्ते में हार्टअटैक आया और रास्ते में उसकी मृत्यु हो गई, जिसके लिए बीमा कंपनी का क्षतिपूर्ति देने में उत्तरदायित्व नहीं है। वहीं परिवादी ने लंबित दस्तावेज के संबंध में कोई प्रतिक्रिया नहीं मिलने के कारण दावा अस्वीकार कर दिया।

जिला उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष गोपालरंजन पाणिग्रही, सदस्य कु.रुपा शर्मा, अरविंदसिंह परिहार की बेंच विचारणीय बिंदु के आलोक में इस निष्कर्ष पर पहुंची कि विरोधी पक्षकार एसबीआई इंश्योरेंस कंपनी ने सेवा में निम्नता की है और आदेश पारित किया कि एसबीआई इंश्योरेंस कंपनी 45 दिवस की अवधि के भीतर परिवादी को बीमा दावा की राशि 20 लाख रुपए अदा करें। 15 दिसंबर 2025 से अंतिम अदायगी तक 6 प्रतिशत वार्षिक की दर से ब्याज भी अदा करें। मानसिक पीड़ा के लिए 20 हजार रुपए तथा वाद व्यय के एवज में 5 हजार रुपये 45 दिवस के भीतर देने का फैसला दिया है।

# चाकू की नोक पर युवक से साढ़े तीन हजार की लूट

- क्षेत्रवासियों ने केरेगांव थाना प्रभारी से पुलिस पेट्रोलिंग की मांग की
- क्षेत्र में दहशत का माहौल

हरिभूमि न्यूज ⏭कुकरेल(धमतरी)

ग्राम पंचायत सलोनी में विगत बुधवार की रात लगभग आठ बजे एक युवक के गले में चाकू टिकाकर बदमाश उसकी जेब में रखे साढ़े तीन हजार रुपए तथा एटीएम कार्ड लेकर फरार हो गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जोगीडीह निवासी चंद्रशेखर नेताम धमतरी गया था और घर वापसी के समय पेट्रोल डलवाने लिए सलोनी के बीडीएस फ्यूल्स में जा रहा था तभी सलोनी कमार डेरा की तरफ से तीन व्यक्ति अपनी मोटरसाइकिल को दूर खड़ा कर उनके पास आए। वे नशे में चूर थे और तीनों ने उन्हें घेर लिया। सभी ने अपने चेहरे पर रुमाल बांधे थे। गर्दन में चाकू टिकाकर तीनों नशेड़ी बदमाश उसकी जेब से पर्स सहित एटीएम कार्ड ले गए। इस घटना के बाद क्षेत्र में भय का माहौल है। पीड़ित जोगीडीह निवासी चंद्रशेखर नेताम ने बताया कि सलोनी के देवता मारिया के पास उसे तीन लोगों ने घेर लिया। चेहरे छुपाने कपड़े बांधे थे। चाकू की नोक पर जेब में रखे साढ़े तीन हजार रुपए तथा एटीएम कार्ड लेकर फरार हो गए।

इस संदर्भ में बीडीएस फ्यूल्स के संचालक भगवानदीन साहू ने बताया कि देर रात तक इस क्षेत्र में लोग पेट्रोल डलवाने के लिए आते हैं। इस घटना के बाद लोगों में दहशत है। क्षेत्रवासियों ने केरेगांव थाना प्रभारी से शाम को पुलिस पेट्रोलिंग का अनुरोध किया है।

## खबर संक्षेप

### अनाप-शनाप बिजली बिल से उपभोक्ता परेशान

**कुकरेल(धमतरी)।** बिजली विभाग में ठेकेदारी प्रथा एवं स्मार्ट मीटर लगने के बाद अनाप-शनाप



बिजली बिल दिया जा रहा है जिसके कारण ग्रामीण उपभोक्ता परेशान हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार कुकरेल उपभोक्ता केंद्र के कमार बस्ती निवासी श्रीमती मीना बाई कमार के घर 5640 रूपये का बिल रीडर द्वारा थमाया गया है। मीना बाई का कहना है कि वे महीने में पांच हजार की मजदूरी नहीं कर पा रहे हैं और बिजली बिल पांच हजार से अधिक आ रहा है। इससे पहले पांच सौ से पंद्रह सौ तक का ही बिल आ रहा था लेकिन जून महीने का बिल पांच हजार छह सौ चालीस रुपए आया है। उपभोक्ता केंद्र में समस्या बताने पर भी संतोषजनक जवाब नहीं मिलता है।

- रीडर ने थमाया पांच हजार से अधिक का बिजली बिल

### गली में घेरा लगाने से मना करने पर मारपीट

**महासमुंद।** गली में घेरा लगाने से मना करने पर एक व्यक्ति के साथ मारपीट करने वाले आरोपियों के विरूद्ध बसना थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। घटना ग्राम भंवरचुआं की है। पुलिस ने बताया कि ग्राम छातापठार के जगदीश प्रसाद पिता हेतराम मैत्री (58 साल) 11 जुलाई को अपने मोटर सायकल से खेत जा रहा था। सुबह करीब 06.30 बजे भंवरचुआं के कृपाराम पटेल घर के सामने ओमनाथ पटेल गांव के गली में घेरा लगा रहा था, जब उसने घेरा लगाने के संबंध में पूछा तब ओमनाथ पटेल ने गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट करने लगा। इस दौरान उसके भाई कृपाराम पटेल ने भी गाली गलौज कर मारपीट की। रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 296, 115(2), 351(3), 3(5) बीएनएस के अंतर्गत जुर्म दर्ज किया गया है।

### स्कूटी चोरी

**महासमुंद।** नगर के एक निजी अस्पताल के सामने से स्कूटी चोरी के मामले में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध सिटी कोतवाली थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को अयोध्या नगर निवासी कृष्णकुमार ने बताया कि वह 09 जुलाई को शाम 7 बजे अपनी टीवीएस आई क्यूब इलेक्ट्रानिक स्कूटी क्र सीजी 04 क्यूएन 6897 में अपनी पत्नी मोनिका के साथ अकाल पुरख अस्पताल महासमुंद गया था। चेकअप कराकर वापस आने पर स्कूटी नहीं थी। रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 303(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### नए आपराधिक कानूनों ...

को त्वरित एवं निष्पक्ष न्याय की आधारशिला बताया। कार्यशाला में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र कुमार पांडेय, सीएसपी अभिषेक चतुर्वेदी, डीएसपी भानुप्रताप चंद्राकर, मोनिका मरावी, मीना साहू, यशकरण दीप ध्रुव, एसडीओपी नगरी विपिन रंगारी, वैज्ञानिक अधिकारी अमित कुमार पटेल, डीपीओ अजय सिंह, रक्षित निरीक्षक दीपक शर्मा सहित जिले के सभी थाना एवं चौकी प्रभारी उपस्थित रहे।

# सामुदायिक डबरी से महिलाओं की आजीविका को मिला नया आधार

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

ग्रामीण विकास की योजनाएं तब सार्थक होती हैं, जब वे लोगों के जीवन में स्थायी बदलाव लाएं। ग्राम पंचायत कंडेल में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत वित्तीय वर्ष 2026-27 में 2.25 लाख रुपये की लागत से निर्मित सामुदायिक आजीविका डबरी इसका प्रेरक उदाहरण बनकर उभरी है।

इस पहल से ग्रामीण महिलाओं को निर्माण कार्य के दौरान स्थानीय स्तर पर रोजगार मिला, वहीं भविष्य के लिए स्थायी आय का नया माध्यम भी तैयार हुआ। निर्माण कार्य में स्थानीय श्रमिकों को प्राथमिकता दी गई और मजदूरी राशि सीधे उनके खातों में पहुंचाई गई। निर्धारित समय में गुणवत्तापूर्ण निर्माण के बाद वर्षा ऋतु में डबरी पानी से भर गई, जिससे यह पूरे क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण जल संरक्षण स्रोत बन गई।

### महिलाओं ने किया श्रमदान, निर्माण कार्य में निभाई भागीदारी



#### मछली, मखाना और सिंघाड़ा उत्पादन से बढ़ेगी आय

डबरी का सबसे बड़ा लाभ आदर्श महिला कृषक उत्पादक समूह को मिलेगा। समूह ने संग्रहित जल का उपयोग मछली पालन, मखाना उत्पादन और सिंघाड़ा उत्पादन के लिए करने का निर्णय लिया है। इन गतिविधियों से वर्षभर आय अर्जित होने की संभावना है। समूह की अध्यक्ष श्रीमती खिलेश्वरी साहू ने कहा कि पहले महिलाओं के पास सीमित रोजगार के अवसर थे, लेकिन अब डबरी से स्थायी आय की उम्मीद जागी है। सचिव श्रीमती खेमिन साहू ने इसे महिलाओं के सपनों को साकार करने का माध्यम बताया, जबकि कोषाध्यक्ष श्रीमती तमेश्वरी ढीमर ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

#### ग्राम विकास की दिशा में नई पहल

डबरी से आसपास के क्षेत्र में भू-जल स्तर सुधरने, कुओं और नलकूपों में जल उपलब्धता बढ़ने तथा कृषि कार्यों को भी लाभ मिलने की संभावना है। जल संरक्षण और आजीविका का यह समन्वित मॉडल महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के साथ ग्राम विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हो रहा है।

### कक्षा में सो रही बच्ची को देखे बिना स्कूल में लगाया ताला, शाम 6 बजे सुरक्षित निकाली गई

# छुट्टी के बाद दो घंटे स्कूल में बंद रही पहली कक्षा की छात्रा, शिक्षकों की लापरवाही उजागर

हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री

कुरूद विकासखंड के ग्राम कठौली पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला में शिक्षकों की गंभीर लापरवाही का मामला सामने आया है। शुक्रवार को पहली कक्षा की एक मासूम छात्रा स्कूल की छुट्टी होने के बाद भी करीब दो घंटे तक भीतर ही बंद रही। शिक्षक कक्षा में सो रही बच्ची को देखे बिना ही स्कूल में ताला लगाकर चले गए।

परिजनों द्वारा खोजबीन के बाद शाम करीब 6 बजे स्कूल का ताला खोलकर बच्ची को सुरक्षित बाहर निकाला गया। छात्रा के चाचा भोजराज निषाद ने बताया कि भतीजी रोज की तरह शुक्रवार को भी स्कूल गई थी। शाम 4 बजे स्कूल की छुट्टी होने के बाद जब वह काफी देर तक घर नहीं पहुंची तो चिंता बढ़ गई। उन्होंने पहले आसपास और बच्ची की सहेलियों के घर तलाश की, लेकिन





जब गांव में कहीं पता नहीं चला तो परिजन स्कूल परिसर पहुंचे। शिक्षकों को सूचित किया गया।

#### हेडमास्टर ने मानी गलती, बीईओ ने मांगा स्पष्टीकरण

परिजनों ने स्कूल की बाउंड्रीवॉल फांदकर भीतर प्रवेश किया और चैनल गेट के पास जाकर आवाज लगाई। आवाज सुनते ही मासूम बच्ची रोने लगी और अपने चाचा को पुकारने लगी। बच्ची की आवाज सुनकर तुरंत चैनल गेट का ताला खोलकर और बच्ची को सकुशल बाहर निकाला। सूचना मिलते ही स्कूल के शिक्षक भी मौके पर पहुंच गए। गनीमत रही कि बच्ची पूरी तरह सुरक्षित और स्वस्थ है। फिलहाल पालकों द्वारा उच्च अधिकारियों से कोई लिखित शिकायत नहीं की गई है। हेडमास्टर ने खुद उच्च अधिकारियों को इस घटना की जानकारी दी। इस मामले में स्कूल के प्रधानपाठक ललित साहू ने इस गंभीर भूल को स्वीकार किया है। उन्होंने कहा कि हमने छुट्टी के वक्त कक्षाओं को जांचा लेकिन बच्ची आखिरी बेंच पर सो गई थी, जिसके कारण छुट्टी के वक्त वह दिखाई नहीं दी जिसके चलते यह भूल हुई है। इस लापरवाही की पूरी जिम्मेदारी लेते हुए पालक से क्षमा मांगते हैं। स्कूल प्रबंधन समिति और पंचायत प्रतिनिधियों की मौजूदगी में आश्वासन दिया गया है कि भविष्य में दोबारा ऐसी गलती नहीं होगी। पालकों ने कहा कि छुट्टी के वक्त पूरे कमरों की ठीक से जांच की जानी चाहिए ताकि किसी भी बच्चे की सुरक्षा दांव पर न लगे। बीईओ राजेश बैस ने कहा कि मामला संज्ञान में आते ही प्रधानपाठक से स्पष्टीकरण मांगा गया है। छात्रा पूरी तरह सुरक्षित है। भविष्य में ऐसी घटना न हो, इसके लिए सख्त हिदायत दी गई है।

# तालाब सफाई की आड़ में अवैध खनन, विरोध में शर्ट उतार हाइवा के सामने बैठे पार्षद

- सीएमओ ने मौके पर पहुंचकर मुरूम निकासी रुकवाई, उपाध्यक्ष बोले-पहले मिट्टी की सफाई होगी

हरिभूमि न्यूज ⏭भखारा

नगर पंचायत भखारा में तालाब सफाई की आड़ में हो रही मुरूम की अवैध खुदाई के विरोध में वार्ड क्रमांक 2 के पार्षद भूपेंद्र यादव ने शर्ट उतार हाइवा के सामने बैठकर विरोध प्रदर्शन किया। नगर में यह चर्चा का विषय बना हुआ है।

ज्ञात हो कि नगर पंचायत भखारा में स्थित पीपराही तालाब की सफाई करने के लिए पानी सुखा दिया गया था ताकि वहां से मिट्टी निकाला जा सके और तालाब की सफाई भी हो जाए। लेकिन जिस उद्देश्य से तालाब को खाली कराया गया था, वह कार्य नहीं होते देख वार्डवासियों एवं वार्ड पार्षद ने इसका विरोध किया। इस मामले में पार्षद भूपेंद्र यादव का कहना है कि पहले तालाब की मिट्टी की निकासी की जानी थी लेकिन मुरूम माफियों



द्वारा आर्थिक आय अर्जन की मंशा से मुरूम की अवैध निकासी की जा रही है। इसके विरोध में पार्षद ने शर्ट निकालकर विरोध जताया। घटना की जानकारी होने पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरिकिशन पावरिया मौके पर पहुंचे और वस्तुस्थिति को देखते हुए काम बंद कराने का निर्देश दिया। इसके बाद से मुरूम निकासी बंद कर दी गई है। कहा कि पहले तालाब से मिट्टी निकाली जाएगी और साफ-सफाई की जाएगी। उसके बाद ही अगला काम होगा।

उपाध्यक्ष विष्णु साहू ने कहा कि काम रोक दिया गया है। मिट्टी सफाई के बाद ही आगे का काम चालू होगा।

# प्रदेश सरपंच महासंघ में कुरूद-धमतरी का बढ़ा कद

- हरिशंकर बने संरक्षक, टिकेश को मिली उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

प्रदेश सरपंच महासंघ की नई कार्यकारिणी घोषित होने के साथ ही कुरूद और धमतरी जिले को संगठन में महत्वपूर्ण स्थान मिला है। सरपंच संघ कुरूद के अध्यक्ष हरिशंकर साहू को महासंघ का संरक्षक, जबकि जिला सरपंच संघ धमतरी के अध्यक्ष टिकेश साहू को प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

दोनों नेताओं की नियुक्ति से जिले के सरपंचों और पंचायत




प्रतिनिधियों में उत्साह का माहौल है। इसे पंचायत नेतृत्व की सक्रियता और संगठनात्मक योगदान की पहचान माना जा रहा है। नवनियुक्त संरक्षक हरिशंकर साहू ने प्रदेश नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि वे सौंपे गए दायित्व का पूरी निष्ठा से निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेशभर के सरपंचों के हितों की रक्षा, पंचायतों को अधिक सशक्त बनाने और ग्रामीण विकास से जुड़े मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाने के लिए वे लगातार कार्य करेंगे। प्रदेश उपाध्यक्ष बने टिकेश साहू ने कहा कि संगठन के सभी पदाधिकारियों और सरपंचों को साथ लेकर पंचायत व्यवस्था को मजबूत बनाने तथा उनकी समस्याओं के समाधान के लिए समर्पित भाव से प्रयास किए जाएंगे। नई कार्यकारिणी की घोषणा के बाद कुरूद, धमतरी और आसपास के क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों तथा शुभचिंतकों ने हर्ष जताते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की।

# पटेल समाज के पदाधिकारियों ने किया शाकंभरी बोर्ड अध्यक्ष का अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ⏭डांडेसरा(धमतरी)

छग शासन शाकंभरी बोर्ड के नव नियुक्त अध्यक्ष राजेंद्र नायक पटेल का धमतरी क्षेत्र के मरार पटेल समाज के पदाधिकारियों ने पटेल विद्या मंदिर रायपुर में अभिनंदन किया। उनकी नियुक्ति पर हर्ष व्यक्त करते हुए शाकंभरी योजना अंतर्गत समाज के लघु एवं सीमांत कृषकों के हित में आवश्यक कदम उठाने का आग्रह किया। इस नियुक्ति के लिए मुख्यमंत्री सहित संगठन के पदाधिकारियों के लिए कृतज्ञता व्यक्त की।

इस अवसर पर महासंघ अध्यक्ष बरतराम पटेल, समाज के प्रदेश



अध्यक्ष सुनील पटेल, कार्यकारी अध्यक्ष तेजराम पटेल, कोषाध्यक्ष लिलारसिंह पटेल, महामंत्री एवं बगौद राज अध्यक्ष सियाराम पटेल, जिलाध्यक्ष जितेंद्र पटेल, पोटियाडीह राज अध्यक्ष डॉ लखन पटेल, सांस्कृतिक प्रकोष्ठ अध्यक्ष सत्कार पटेल, गोविंद पटेल सहित अंचल के सामाजिकजन उपस्थित थे।

इस अवसर पर प्रदेश संरक्षक अमरसिंह पटेल, नगरी राज अध्यक्ष वामदेव कौशल, सिहावा राज अध्यक्ष कन्हैया कौशल, धमतरी राज अध्यक्ष सगुण पटेल, जीजामगांव राज अध्यक्ष राधेलाल पटेल, बारना राज अध्यक्ष देवेंद्र पटेल, कुरुद तहसील अध्यक्ष धनेश्वर पटेल, कर्मचारी प्रकोष्ठ महामंत्री खुमानचंद पटेल, ओंकार पटेल जिलाध्यक्ष, नोहरसिंह पटेल, वासुदेव पटेल, अर्जुन पटेल, दिलीप पटेल, विमल पटेल, छबिलाल पटेल, पुरुषोत्तम पटेल, राजू पटेल, निर्मल पटेल, श्रीमती चंद्रकला पटेल, श्रीमती लता पटेल सहित अंचल के सामाजिकजन उपस्थित थे।

# रोटरी क्लब की नई टीम ने संभाला दायित्व, 30 नए सदस्य जुड़े

- सत्येंद्र शर्मा बने अध्यक्ष, जागृति दोशी ने संभाली सचिव की जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

रोटरी क्लब धमतरी एवं इनर व्हील क्लब धमतरी का वर्ष 2026-27 का इंस्टॉलेशन समारोह रविवार को हुआ। समारोह में रोटरी क्लब धमतरी के नवनिर्वाचित अध्यक्ष सत्येंद्र शर्मा एवं सचिव जागृति दोशी ने पदभार ग्रहण किया। इनर व्हीलक्लब धमतरी की नई अध्यक्ष मीनू अग्रवाल तथा सचिव रश्मि श्रीवास्तव ने भी शपथ ली।

समारोह के मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सिंह रहे। विशिष्ट अतिथि पीडीजी राकेश चतुर्वेदी एवं पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर



अमित जायसवाल थे। गेस्ट ऑफ ऑनर असिस्टेंट गवर्नर प्रदीप गोविंद रहे।

ज्ञात हो कि नए अध्यक्ष सत्येंद्र शर्मा ने अपने कार्यकाल के पहले ही दिन 30 नए सदस्यों को रोटरी क्लब से जोड़कर क्लब के 40 वर्ष के इतिहास में नया कीर्तिमान स्थापित किया।

श्री शर्मा ने कहा कि रोटरी केवल सेवा का संगठन नहीं, बल्कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन का माध्यम है। पीडीजी राकेश चतुर्वेदी ने कहा कि रोटरी जैसी संस्थाएं सेवा, समर्पण और सामाजिक उत्तरदायित्व की मिसाल हैं। पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर अमित जायसवाल ने कहा कि किसी भी संगठन की सबसे बड़ी ताकत उसके सदस्य होते हैं और पहले ही दिन 30 नए सदस्यों का जुड़ना क्लब के उज्ज्वल भविष्य का संकेत है। प्रदीप गोविंद ने हर स्तर पर सहयोग का भरोसा दिलाया।

इस दौरान मेघा महावर, पूर्वी लोहाना, डॉ. आस्था नंदा, रोहित लुंकड़, आदित्य अग्रवाल, जतिन लोहाना, विमल लुंकड़, संदीप ध्रुव, संजीव यादव, सीए हर्ष पारेख, मयंक पंजवानी, श्वेता पंजवानी, हिमांशु सोनी, युवराज गेंदें, पारण लोहाना, दुष्यंत किरी, दिशा किरी, ऋतुराज पवार, मयूरी पवार, जयंत किरी, निशांत लुंकड़, शुभांक मिश्रा, कमलप्रीत कौर और सुधा शर्मा ने रोटरी क्लब की सदस्यता ली।

समारोह में अमित जायसवाल, मदनमोहन खंडेलवाल, बीएल जैन, डॉ. सरोज शाह, रामकृष्ण साहू, घनश्याम राव मगर, सलज अग्रवाल, अजित खंडेलवाल, नंदन दोशी, जागृति दोशी, आशीष, डॉ. विवेक तिग्गा, डॉ. सुमित गुप्ता सहित अनेक रोटेरियंस उपस्थित थे।

# पौधे रोपकर उसकी सुरक्षा का लिया संकल्प

- सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में वन महोत्सव कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में वन महोत्सव पर प्राचार्य डॉ अश्वनी ध्रुव के मार्गदर्शन में अतिथियों, प्राध्यापकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया तथा उनके संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, हरित आवरण में वृद्धि तथा विद्यार्थियों एवं नागरिकों में प्रकृति के प्रति जागरूकता का प्रसार करना था।

इस अवसर पर जनभागीदारी



समिति के अध्यक्ष अजय ध्रुव, जनपद अध्यक्ष महेश गोटा, जनपद उपाध्यक्ष हृदयलाल साहू, श्रीमती प्रेमलता नागवंशी, राजेश गोसाई, श्रीमती लक्ष्मी ठाकरे उपस्थित रहे। कार्यक्रम में रासेयो कार्यक्रम अधिकारी प्रो. राजाराम मेहरा, प्रो.जयराम कुर्रे, प्रो.लोकेश्वरी राठिया, प्रो. मोहित कुर्रे, प्रो. हितेशानंद ठाकुर, प्रो. लालमन बेरवंश, अविरल तिवारी, सागर मंडावी, सीता नेताम, प्रियंका सिंह, ललिता कोकिला, कृष्णकुमार सिन्हा, अब्बास मेमन एवं महाविद्यालयीन छात्र-छात्रायें उपस्थित थे।

### पीडी, सोरिद और दीक्षित सहित प्रमुख नालों में चल रहा विशेष अभियान

# बारिश में भी एक्शन मोड में नगर निगम का अमला

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

मानसून के दौरान शहर में जलभराव की समस्या से राहत दिलाने के उद्देश्य से नगर निगम ने नालों और नालियों की सफाई अभियान को तेज कर दिया है। निगम प्रशासन का दावा है कि शहर के अधिकांश प्रमुख नालों की सफाई पूरी कर ली गई है, जबकि शेष स्थानों पर युद्धस्तर पर काम जारी है। लक्ष्य यह है कि बारिश के दौरान पानी का बहाव बिना किसी रुकावट के हो और नागरिकों को जलभराव जैसी परेशानी का सामना न करना पड़े।

नगर निगम की टीम पीडी नाला, सोरिद नाला, दीक्षित नाला, गोकुलपुर क्षेत्र सहित अन्य जल निकासी मार्गों पर लगातार सफाई कार्य कर रही है। जिन स्थानों पर प्लास्टिक, गाद और जलकुंभी के



कारण पानी का प्रवाह प्रभावित हो रहा है, वहां विशेष अभियान चलाकर अवरोध हटाए जा रहे हैं। सफाई के साथ-साथ नालों की नियमित निगरानी भी की जा रही है, ताकि बारिश के दौरान किसी भी स्थान पर तत्काल कार्रवाई की जा सके।

#### 200 सफाई कर्मचारी जुटे

नगर निगम के उपायुक्त पीसी सार्वा ने बताया कि सफाई कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जा रही है। लगभग 200 सफाई कर्मचारी प्रतिदिन विभिन्न वार्डों में तैनात हैं। आवश्यकता के अनुसार वैक्यूम मशीन और अन्य आधुनिक उपकरणों का भी उपयोग किया जा रहा है। प्रशासन ने प्राकृतिक जल निकासी मार्गों से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई भी जारी रखने की बात कही है। विशेष रूप से सोरिद और मुजगहन क्षेत्र में पानी के निर्बाध प्रवाह के लिए लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। निगम प्रशासन का कहना है कि पूरे मानसून के दौरान सफाई अभियान लगातार जारी रहेगा। नियमित निरीक्षण, संसाधनों का बेहतर उपयोग और कर्मचारियों की सक्रिय तैनाती के माध्यम से शहर की जल निकासी व्यवस्था को और मजबूत बनाया जा रहा है।

Pride of Dhamtari

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकूलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़



समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)
मो. 9981321524 / 7223011528

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी - 75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

## खबर संक्षेप



### वनांचल के चौक-चौराहे हाई मास्ट से होंगे रोशन

**बीजापुर।** जिले के सुदूर वनांचल क्षेत्रों एवं ग्रामों में मूलभूत सुविधाओं के विस्तार के तहत चौक-चौराहों, बाजारों तथा सार्वजनिक स्थलों पर सोलर हाई मास्ट स्थापित किए जा रहे हैं। विशेष रूप से नियद नेल्लानार ग्रामों में यह कार्य तेजी से किया जा रहा है, जिससे ग्रामीणों को रात्रि के समय सुरक्षित एवं पर्याप्त प्रकाश की सुविधा मिल सके। पूर्व में इन क्षेत्रों में प्रकाश व्यवस्था के अभाव के कारण ग्रामीणों को रात एवं बरसात के मौसम में आवागमन के दौरान सांप-बिच्छू जैसे जहरीले जीवों का खतरा बना रहता था। कई बार इससे जनहानि एवं अन्य नुकसान भी होता था। अब सोलर हाई मास्ट लगने से इन समस्याओं से काफी हद तक राहत मिलने लगी है और ग्रामीणों में सुरक्षा की भावना मजबूत हुई है।

### नियद नेल्लानार से बदली अंचल की तस्वीर

**सुकमा।** जिले के सुदूर और नक्सल प्रभावित गांवों तक शासन की योजनाओं को पहुंचाने के उद्देश्य से संचालित नियद नेल्लानार 2.0 अभियान के सकारात्मक परिणाम सामने आने लगे हैं। अभियान के तहत अब तक 2 लाख 76 हजार 897 से अधिक ग्रामीणों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया जा चुका है। जिला प्रशासन का दावा है कि अभियान के माध्यम से स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार, सामाजिक सुरक्षा और बुनियादी सुविधाओं का दायरा लगातार बढ़ रहा है। अभियान की प्रगति की समीक्षा के लिए गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मुकुंद ठाकुर की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर अमित कुमार के निर्देशों के अनुरूप सभी विभागों को शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने और शेष पात्र हितग्राहियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए गए। समीक्षा में बताया गया कि महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित मिशन इंद्रधनुष के तहत चिन्हित 2,971 बच्चों का शत-प्रतिशत टीकाकरण किया जा चुका है। वहीं स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत 43,102 हितग्राहियों को लाभान्वित कर 100 प्रतिशत लक्ष्य हासिल किया गया है। प्रशासन का मानना है कि इन उपलब्धियों से सुदूर गांवों में स्वास्थ्य और स्वच्छता की स्थिति में उल्लेखनीय सुधार हुआ है।

### शाला प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास से मनाया



**कांकेर।** नए शैक्षणिक सत्र 2026 के शुभारंभ पर शुक्रवार को कमला नेहरू पब्लिक हाई स्कूल में शाला प्रवेश उत्सव उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की अध्यक्ष कमला गुप्ता ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया तथा अभिभावकों ने अपने अनुभव साझा किए। विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। साथ ही अभिभावकों एवं बच्चों के लिए रोचक खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

### अन्य पिछड़ा वर्ग की आज होगी बैठक

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश अन्य पिछड़ा वर्ग का मासिक बैठक आज 12 जुलाई को 12 बजे यादव भवन मेला भाटा कांकेर में रखा गया है, जिसमें सभी समाज के प्रमुखों को आमंत्रण किया गया है। बैठक संभागीय अध्यक्ष तरुण धाकड़ के अध्यक्षता में होना है, जिसमें अनेक प्रकार के प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा।

# समाज व प्रशासन की साझेदारी से ही शिक्षा का लक्ष्य हासिल होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

कुरूद विकासखंड के ग्राम सेलदीप में शिक्षा के प्रति जनजागरूकता और सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित कार्यक्रम में ग्रामीणों, अभिभावकों, जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों और विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कहा कि बच्चों की शिक्षा सबसे बड़ा निवेश है। समाज व प्रशासन की साझेदारी से ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

कलेक्टर ने कहा कि जब पूरा गांव विद्यालय के विकास की जिम्मेदारी उठाता है तो सीमित संसाधनों वाला स्कूल भी उत्कृष्ट संस्थान बन सकता है। उन्होंने बताया कि परखंदा के बाद अब सेलदीप में भी शिक्षा के प्रति जनसहभागिता का उत्साह जिले के लिए प्रेरणादायी है। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों की नियमित उपस्थिति, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और नैतिक मूल्यों पर विशेष ध्यान देने की अपील की। उन्होंने बताया कि कुरूद क्षेत्र में नर्सिंग कॉलेज, आईटीआई, बीएड कॉलेज और पॉलीटेक्निक जैसे शैक्षणिक संस्थानों की स्थापना की दिशा में कार्य किया जा रहा है, जिससे स्थानीय विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के बेहतर अवसर मिल सकें। साथ ही अजीम प्रेमजी फाउंडेशन की छात्रवृत्ति और श्रम विभाग की शिक्षा प्रोत्साहन योजनाओं का लाभ पात्र विद्यार्थियों तक पहुंचाने के निर्देश भी दिए।

इस अवसर पर सरपंच भारत भूषण साहू, जिला शिक्षा अधिकारी मधुलिका तिवारी, उप संचालक पंचायत नकुल वर्मा, सहायक संचालक शिक्षा यदुनंदन वर्मा, प्राचार्य बीपी चंद्र, पंचायत प्रतिनिधि, शिक्षक, अधिकारी-कर्मचारी, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## बच्चों की पढ़ाई सबसे बड़ा निवेश : सेलदीप में शिक्षा बनी जन आंदोलन



### दानदाताओं और समाजसेवियों का हुआ सम्मान

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जयंत मेहता ने कार्यक्रम को जिले के लिए अनुकरणीय पहल बताते हुए विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर जोर दिया। कार्यक्रम में जवाहर नवोदय विद्यालय में चयनित विद्यार्थियों तथा विद्यालय के विकास में सहयोग देने वाले दानदाताओं और समाजसेवियों का सम्मान किया गया। साथ ही प्रत्येक बच्चे को नियमित रूप से विद्यालय से जोड़ने और शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने का सामूहिक संकल्प लिया गया।

## जल कनेक्शन नई डीआई पाइपलाइन से जोड़े जाएंगे

# शहर की पेयजल व्यवस्था में होगा बड़ा बदलाव

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शहरवासियों को स्वच्छ और पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नगर निगम पुरानी जलापूर्ति व्यवस्था में बदलाव की तैयारी कर रहा है। लगभग 35 वर्ष पहले बिछाई गई सीमेंट पाइपलाइन को चरणबद्ध तरीके से बंद कर उसकी जगह आधुनिक डक्टाइल आयरन (डीआई) पाइपलाइन से जलापूर्ति की जाएगी। इस योजना के तहत करीब 1500 घरेलू जल कनेक्शन नई लाइन से जोड़े जाएंगे। अधिकारियों का मानना है कि इससे पानी की गुणवत्ता बेहतर होगी और लीकेज की समस्या में भी कमी आएगी।

धमतरी में वर्तमान में तीन अलग-अलग पाइपलाइन नेटवर्क के माध्यम से पेयजल की आपूर्ति की जा रही है। सबसे पुरानी सीमेंट पाइपलाइन लंबे समय से उपयोग में है। इसके बाद वर्ष 2011 में 14.70 एमएलडी क्षमता के जल शोधन संयंत्र के निर्माण के साथ भागीरथी नल-जल योजना अंतर्गत नई पाइपलाइन बिछाई गई थी। उस समय 34 किलोमीटर राइजिंग मेन और करीब 80 किलोमीटर जल वितरण पाइपलाइन का निर्माण किया गया था। इसके बावजूद बढ़ती आबादी और गर्मी के मौसम में पानी की मांग को पूरी तरह पूरा नहीं किया जा सका।

अब शहर के लिए 9 एमएलडी क्षमता का नया जल शोधन संयंत्र तैयार किया जा रहा है। इसके साथ पुराने संयंत्र का भी उन्नयन किया जा रहा है। परियोजना के तहत अब तक करीब 85 किलोमीटर नई जल वितरण पाइपलाइन बिछाई जा चुकी है, जिससे जलापूर्ति नेटवर्क को अधिक मजबूत बनाया जा रहा है।



फाइल फोटो

### गंदे पानी की शिकायत होगी कम

नगर निगम के अनुसार रामसागरपारा, विंध्यवासिनी वार्ड, रामपुर, बनियापारा, महिमासागर वार्ड, सुभाष नगर और हटकेशर क्षेत्र में अभी भी पुरानी सीमेंट पाइपलाइन के माध्यम से पानी पहुंचाया जा रहा है। सर्वे पूरा होने के बाद इन सभी क्षेत्रों को नई डीआई पाइपलाइन से जोड़ने का कार्य शुरू किया जाएगा।

### लीकेज व गंदे पानी से मिलेगी निजात

जल सभापति अखिलेश सोनकर ने बताया कि पुरानी सीमेंट पाइपलाइन अब जर्जर हो चुकी है। कई स्थानों पर पाइप के क्षतिग्रस्त होने के कारण बार-बार लीकेज, कम दबाव और गंदे पानी की शिकायतें मिलती हैं। नई डीआई पाइपलाइन शुरू होने के बाद इन समस्याओं से काफी हद तक राहत मिलेगी। पुरानी लाइन बंद होने के बाद शेष दो आधुनिक पाइप लाइन नेटवर्क के माध्यम से बेहतर दबाव के साथ नियमित जलापूर्ति संभव होगी। इससे उन वार्डों को भी लाभ मिलेगा, जहां लंबे समय से पर्याप्त पानी नहीं पहुंच पा रहा है।

## अंचल की खबरें

### शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष बने चुनुराम



**धमतरी।** शासकीय हाईस्कूल बोड़रा स में शाला प्रबंधन एवं विकास समिति का गठन किया गया। समिति के सदस्यों का चयन पालकों द्वारा किया गया। अध्यक्ष चुनुराम साहू, उपाध्यक्ष मुकेश कुमार साहू चुने गए। पालक सदस्यों में श्रवण कुमार अडिल, योगेश्वर साहू, चुम्मन लाल साहू, कमलेश्वर कुमार साहू, बहुरी बाई साहू, टिकेश्वरी साहू, हेमलता साहू, अजजा से नंदेश्वरी ध्रुव, ग्राम पंचायत प्रतिनिधि सुमन साहू, शिक्षक प्रतिनिधि प्रेमलता कुंजाम, शिक्षाविद फल्लेश कुमार साहू, आंगनबाड़ी से मधु विश्वकर्मा शामिल हैं। पूर्व अध्यक्ष हंसराज साहू, सांसद प्रतिनिधि नंदधरूखा साहू, विधायक प्रतिनिधि प्रीतम साहू, सदस्य प्रमोद गुप्ता को श्रीफल व पेन भेंटकर सम्मान किया गया।

### अध्यक्ष पद के लिए तीन दावेदारों ने खरीदा फार्म



**धमतरी।** कोसरिया यादव समाज नगर इकाई अध्यक्ष पद के लिए सोरिद वार्ड के परमानंद यादव ने भी दावेदारी की है। पूर्व अध्यक्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर नया अध्यक्ष बनाने चुनाव हो रहा है। इस बार चुनाव केवल अध्यक्ष पद के लिए होना है। अभी अध्यक्ष पद के लिए नामांकन फार्म खरीदने की प्रक्रिया चल रही है। सामाजिकजनों की सर्वसम्मति से परमानंद यादव को अध्यक्ष पद का उम्मीदवार बनाया गया है। सामाजिक चुनाव अधिकारी राम अवतार यादव, नन्दकिशोर यादव ने बताया कि अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ने के लिए अब तक तीन दावेदारों ने फार्म खरीदा है। इच्छुक उम्मीदवार 15 जुलाई तक नामांकन फार्म खरीद सकते हैं। 19 को नाम वापसी के बाद 26 जुलाई को चुनाव होगा।

### कार्यकर्ता अब सीधे जनता से डिजिटल माध्यम से जुड़ेंगे



**धमतरी।** ब्राह्मणपारा वार्ड एवं मां विंध्यवासिनी वार्ड के कार्यकर्ताओं के लिए डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म प्रशिक्षण कार्यशाला हुई। कार्यशाला में कार्यकर्ताओं को डिजिटल माध्यम से संगठनात्मक कार्यों को गति देना, सोशल मीडिया के प्रभावी उपयोग तथा ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के जरिए बूथ स्तर तक जानकारी पहुंचाने के संबंध में जानकारी दी गई। कार्यशाला में डीएलपी प्रभारी कोमल सार्वा, सहप्रभारी डोल प्रतिमा सोनी, पार्षद अखिलेश सोनकर, शिव नेताम, रामेश्वर सोनकर, धनेश सोनकर, मोटू कुम्भकार, छबिन्द्र सोनी, दिलीप सोनकर, उत्तम सिन्हा, शीतल साहू, रवि कसार, वेद कुम्भकार सहित अन्य कार्यकर्ता सम्मिलित हुए। प्रशिक्षकों ने कार्यकर्ताओं को डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म पर लॉगिन करना, ऑनलाइन कंटेंट साझा करना, डेटा फीडिंग और डिजिटल प्रचार की बारीकियां सिखाई गईं। कार्यकर्ताओं ने डीएलपी फॉर्म भरकर अपना प्रमाण-पत्र प्राप्त किया और डिजिटल माध्यम से संगठन को और सशक्त बनाने का संकल्प लिया। शक्ति केंद्र प्रभारी ने कहा कि डिजिटल युग में बूथ को मजबूत करने के लिए तकनीक का ज्ञान जरूरी है। इस प्रशिक्षण से कार्यकर्ता अब सीधे जनता से डिजिटल माध्यम से जुड़ सकेंगे।

# सिवनीकला में मनाया गया जुड़वास पर्व



- श्रद्धालुओं ने माता को ठंडे व्यंजनों का भोग लगाया, गांव की सुख-समृद्धि की कामना की

हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री

सिर्री क्षेत्र में जुड़वास पर्व मनाया जा रहा है। आरोग्य की देवी माता शीतला की विशेष पूजा-अर्चना हो रही है। इन दिनों पारंपरिक और आस्था का प्रतीक जुड़वास शीतला महोत्सव पर्व पूरे श्रद्धा, उल्लास और पारंपरिक रीति-रिवाजों से सिवनीकला में मनाया गया। गांवों में सुबह से ही माता शीतला के मंदिर में भक्तों की भीड़ रही । सुख-समृद्धि और आरोग्य की कामना की गई।

सनातन और स्थानीय संस्कृति के इस अनूठे संगम में ग्रामीणों ने आरोग्य की देवी माता शीतला की विशेष पूजा-अर्चना की। मान्यता है कि माता शीतला की कृपा से गांव में बीमारियां, महामारी (विशेषकर चेचक, खसरा जैसी मौसमी बीमारियां) और विपत्तियां प्रवेश नहीं करतीं। पूजा के दौरान श्रद्धालुओं ने माता को ठंडे व्यंजनों का भोग लगाया और अपने परिवार व पूरे गांव की सुख-समृद्धि, खुशहाली तथा निरोगी जीवन की कामना की। गांव के बैगा और ग्रामीणों द्वारा सामूहिक रूप से धार (औषधीय जल) अर्पित कर माता को शांत करने और शीतलता प्रदान करने की प्रार्थना की गई।

इस अवसर पर पारंपरिक जसगीत और सेवा गीतों का आयोजन किया गया। बुजुर्गों का कहना है कि जुड़वास केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं है, बल्कि यह बदलते मौसम में स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने और पूरे गांव को एक सूत्र में बांधने का सामाजिक पर्व भी है।

मौके पर बैगा काशीराम तारक, ग्राम पटेला सुरेश तारक, ग्रामीण अध्यक्ष विक्रम साहू, कोषाध्यक्ष कपिल देव पटेल, सचिव पृथ्वी ध्रुव, सरपंच लता ध्रुव, टेकराम साहू जनपद सदस्य, उपसरपंच दीपदान साहू, सुशील साहू, टकेश्वर चंद्राकर, खिलावन चंद्राकर, सुरेश साहू, दिलीप साहू, कृष्णा तारक, तोषण साहू, भोजपाल, लोमश साहू, गैंद तारक, टीकम साहू, मंजू साहू, सरोजनी तारक, उषा तारक, धनेश्वरी साहू सहित अन्य ग्रामीण शामिल हुए।

# नगरवासियों का आशीर्वाद ही मेरी सबसे बड़ी पूंजी

- नगर पंचायत अध्यक्ष ने अपने जन्मदिन पर दी विकास कार्यों की सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी



नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा ने अपने जन्मदिन को निजी उत्सव के बजाय सेवा ही सबसे बड़ा उत्सव की भावना के साथ जनहित और नगर विकास को समर्पित कर एक नई मिसाल प्रस्तुत की। पूरे दिन उन्होंने केक और समारोह से दूर रहकर नगरवासियों के बीच पहुंचकर विकास कार्यों का भूमि पूजन, लोकार्पण, पौधारोपण तथा वरिष्ठ नागरिकों से मुलाकात कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम की शुरुआत अध्यक्ष कक्ष में भगवान गणेश की महाआरती से हुई। इसके पश्चात उपाध्यक्ष, पार्षदों, एल्डरमैन एवं जनप्रतिनिधियों के साथ नगर के मुक्तिधाम में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

उन्होंने वार्ड क्रमांक 10 में 8 लाख की लागत से बनने वाले सामुदायिक भवन, वार्ड क्रमांक 11 में 3 लाख की लागत से बनने वाले पाथवे एवं चेकर टाइल्स, वार्ड क्रमांक 12 में 10 लाख की लागत से बनने वाले सामुदायिक भवन का भूमि पूजन किया। वार्ड क्रमांक 13 में 6 लाख की लागत से निर्मित महिला भवन का लोकार्पण कर उसे जनता को समर्पित किया गया।

वार्ड क्रमांक 7 स्थित प्रयोग शाला में 3 लाख की लागत से निर्मित अतिरिक्त कक्ष का लोकार्पण किया। इसी वार्ड में सामुदायिक भवन के समीप 2.50 लाख की लागत से बनने वाले चेकर टाइल्स तथा वार्ड क्रमांक 6 में 2.50 लाख की लागत से होने वाले चेकर टाइल्स कार्य का भूमिपूजन किया।

वार्ड क्रमांक 4 में पार्षद नरेश पटेल की पार्षद निधि से 2.50 लाख की लागत से विकसित मिनी गार्डन एवं महात्मा गांधी की प्रतिमा का अनावरण एवं लोकार्पण किया गया। वार्ड क्रमांक 3 में 2 लाख की लागत से बनने वाली सीसी सड़क का भूमिपूजन किया गया।

नगर के विभिन्न वार्डों में पहुंचकर वरिष्ठ नागरिकों से मुलाकात की। उनका आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर सिहावा विधायक अंबिका मरकाम, नगर पंचायत उपाध्यक्ष विकास बोहरा, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष नागेंद्र शुक्ला, पूर्व उपाध्यक्ष अजय नाहटा, महेंद्र नेताम, मोहन नाहटा, रवि शंकर दुबे, रूपेंद्र साहू, प्रेमलता नागवंशी, अकबर कश्यप, सचिन भंसाली, भारत निर्मलकर समेत पार्षदगण, एल्डरमैन, जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

### अनाथालय के बच्चों को बांटी कॉपियां और पेन

**धमतरी।** समाजसेवी श्रीमती संगीता कमलेश संचेती ने बुधवार को अपनी शादी की सालगिरह के अवसर पर हिंदू अनाथालय, धमतरी के बच्चों के साथ खुशियां साझा कीं। उन्होंने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कॉपियां और पेन वितरित किए। इस पहल से बच्चों के चेहरों पर खुशी साफ दिखाई दी। यह कार्यक्रम हेल्प टू बेनिफिट अदरर्स लेट्स मेक का चेंज ग्रुप के माध्यम से आयोजित किया गया। इस अवसर पर ग्रुप के सदस्य आलोक राखेचा और गौरव लोहाना विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने संचेती परिवार की इस संवेदनशील और प्रेरणादायक पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास समाज में सेवा और सहयोग की भावना को मजबूत करते हैं। उन्होंने बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने और जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया।

# खिलाड़ियों से रूबरू हुए कलेक्टर मिश्रा

- मिनी स्टेडियम का किया निरीक्षण, सुविधाएं बढ़ाने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद



जिले में खेल अधोसंरचना को मजबूत बनाने और खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने शनिवार को मंदरौद, परखंदा और कुरूद स्थित मिनी स्टेडियम व खेल मैदानों का निरीक्षण किया। उन्होंने खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और जनप्रतिनिधियों से संवाद कर खेल सुविधाओं, प्रशिक्षण व्यवस्था और आवश्यकताओं की जानकारी ली तथा अधिकारियों को अधोसंरचना के विस्तार और निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए।

मंदरौद के शहीद भगत सिंह स्टेडियम में कलेक्टर ने सेना भर्ती की तैयारी कर रहे युवाओं और क्रिकेट, कबड्डी व वॉलीबॉल खिलाड़ियों से मुलाकात की। उन्होंने खिलाड़ियों को नियमित अभ्यास के लिए प्रेरित करते हुए गांव में पुस्तकालय स्थापित करने तथा गौण खनिज निधि से खेल सुविधाओं के विस्तार के निर्देश दिए। इसके बाद परखंदा हाईस्कूल परिसर स्थित खेल मैदान का निरीक्षण किया। यहां जिला पंचायत सीईओ जयंत मेहता, जिला शिक्षा अधिकारी मधुलिका वर्मा सहित अन्य अधिकारियों व ग्रामीणों के साथ पौधरोपण किया गया। छात्र टिकेंद्र कुमार साहू ने कलेक्टर को अपनी बनाई चित्रकला भेंट की, जिसकी उन्होंने सराहना की।

अधिकारियों ने बताया कि विद्यालय के 171 विद्यार्थी राज्य व राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग ले चुके हैं, जिन्होंने 20 पदक जीते हैं तथा 10 से अधिक खिलाड़ी शासकीय सेवाओं में चयनित हुए हैं। दौरे के अंतिम चरण में कलेक्टर ने कुरूद स्थित अटल बिहारी वाजपेयी मिनी स्टेडियम का निरीक्षण कर निर्माणाधीन बॉक्स क्रिकेट मैदान की प्रगति और गुणवत्ता का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि खेल मैदान युवाओं के व्यक्तित्व विकास के केंद्र हैं और जिला प्रशासन खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण, खेल सामग्री व आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### तेजवानी बने भाजपा व्यवसायी प्रकोष्ठ के प्रदेश मीडिया प्रभारी



**धमतरी।** वरिष्ठ भाजपा नेता, समाजसेवी एवं पूर्व एल्डरमेन संतोष तेजवानी को भाजपा व्यवसायी प्रकोष्ठ छत्तीसगढ़ का प्रदेश मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया है। प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंह देव की सहमति से प्रदेश संयोजक कार्तिकेय स्वर्णकार ने प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए यह नियुक्ति की। संतोष तेजवानी ने प्रदेश नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए संगठन की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का विश्वास जताया। लंबे समय से संगठनात्मक एवं सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय श्री तेजवानी पूर्व में नगर पालिका के एल्डरमेन का दायित्व भी निभा चुके हैं। संगठन ने उनके अनुभव, कार्यशैली और व्यापारी वर्ग से जुड़ाव को देखते हुए यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है।

### स्मार्ट मीटर से आ रहा तीन गुना बिजली बिल



- पार्षद सुमन ने कड़ा विरोध जताते हुए बिलों की जांच करने की मांग की

**धमतरी।** शहर में बढ़ते बिजली बिल को लेकर आम जनता परेशान है। स्मार्ट मीटर लगने के बाद कई घरों में बिजली बिल तीन गुना तक आ रहा है। इससे मध्यम वर्ग और गरीब परिवारों पर आर्थिक बोझ बढ़ गया है। इसी मुद्दे को लेकर डाकबंगला वार्ड की पार्षद सुमन मेश्राम ने कड़ा विरोध जताया है। उन्होंने का कि घर चलाना मुश्किल हो गया है। स्मार्ट मीटर लगने से पहले जो बिल 600-800 रुपये आता था, अब वही 1800-2000 रुपये तक पहुंच गया है। लोगों की शिकायत है कि मीटर की रीडिंग समझ नहीं आ रही और उपभोक्ताओं को सही जानकारी भी नहीं दी जा रही। पार्षद ने बिजली विभाग को चेतावनी दी है कि बिलों की जांच कर सुधार नहीं किया गया तो सड़क पर उतरकर प्रदर्शन करेंगे। स्थानीय लोगों ने भी मांग की है कि पुरानी रीडिंग और नए स्मार्ट मीटर की तुलना कर बिलों का सत्यापन हो। साथ ही बिल जमा करने में छूट और किस्तों की सुविधा दी जाए।

### तरहुल की 17 छात्राओं को मिली सायकिलें

**दुर्गुकोंदल।** शासकीय हायर सेकेंड्री स्कूल तरहुल में शनिवार को सरस्वती सायकल योजना के तहत कक्षा नवमी की 17 छात्राओं को निःशुल्क सायकिलों का वितरण किया गया। सायकिल मिलने पर छात्राओं में उत्साह देखा गया। सरपंच फूलमत पिद्दा ने कहा कि यह योजना बेटियों की शिक्षा को नई गति दे रही है। भाजपा मंडल उपाध्यक्ष यशवंत तिवारी ने छात्राओं को नियमित अध्ययन के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य चतुर सिंह भेड़िया ने योजना की जानकारी दी। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, शिक्षक एवं बड़ी संख्या में पालक उपस्थित रहे।

### पेड़ पर फंदे से लटकी मिली युवती, जांच शुरू

**कांकेर।** रावघाट थाना क्षेत्र के स्कूलपारा रावघाट में 20 वर्षीय सरिता पोटाई ने कथित रूप से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार युवती का शव गांव के पास वर्चे के खेत की ओर स्थित एक महुआ पेड़ पर फंदे से लटका मिला। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई के बाद शव का पंचनामा कर मर्ग कायम किया। आत्महत्या के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल सका है।

# बदलती जीवनशैली : स्कूली बच्चों के टिफिन में बढ़ा फास्ट फूड का चलन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

बदलती जीवनशैली और खानपान की आदतों का असर अब स्कूली बच्चों के टिफिन पर भी साफ दिखाई देने लगा है। पहले बच्चों के टिफिन में पराठा, रोटी-सब्जी, फरा, चीला, पूड़ी और अन्य घरेलू व्यंजन सामान्य रूप से नजर आते थे, लेकिन अब उनकी जगह पिज्जा, बर्गर, मोमोस, पास्ता, नूडल्स, डोसा और अन्य फास्ट फूड तेजी से लेते जा रहे हैं।

अभिभावकों का कहना है कि बच्चे अब रोजाना टिफिन में अलग-अलग और बाजार जैसा स्वाद चाहते हैं। कई बार घर का बना पारंपरिक भोजन पसंद नहीं आने पर वे टिफिन वापस ले आते हैं। ऐसे में माता-पिता बच्चों की पसंद और स्वास्थ्य के बीच संतुलन बनाने की कोशिश कर रहे हैं। इसके लिए घर पर ही फास्ट फूड जैसी डिश तैयार की जा रही हैं, जिससे रसोई का समय और खर्च दोनों बढ़ रहे हैं।

### पारंपरिक व्यंजन हो रहे पीछे, अभिभावकों की चिंता बढ़ी



#### बच्चों में पारंपरिक भोजन की आदत विकसित करें

पोषण विशेषज्ञों के अनुसार बढ़ते बच्चों के लिए केवल स्वाद नहीं, बल्कि संतुलित आहार अधिक आवश्यक है। स्कूल टिफिन में प्रोटीन, फाइबर, विटामिन और खनिज तत्वों से भरपूर भोजन होना चाहिए। फरा, चीला, दाल-चावल, रोटी-सब्जी और अन्य स्थानीय व्यंजन पोषण की दृष्टि से बेहतर माने जाते हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि फास्ट फूड को कभी-कभार तक सीमित रखना चाहिए और बच्चों में पारंपरिक भोजन की आदत विकसित करने के लिए परिवारों को स्वयं भी स्वस्थ खानपान अपनाना होगा। इससे बच्चों का शारीरिक विकास बेहतर होगा और वे संतुलित भोजन के महत्व को भी समझ सकेंगे।

अभिभावक मनोज नायक, आकाश नयनदीप, दीपक कश्यप का कहना है कि बच्चों की पसंद का ध्यान रखना जरूरी है, लेकिन रोजाना फास्ट फूड खिलाना उचित नहीं है। उनका कहना है कि घर के पारंपरिक व्यंजनों को नए तरीके से प्रस्तुत किया जाए तो बच्चे उन्हें भी पसंद कर सकते हैं। इससे स्वाद के साथ पोषण भी मिलेगा।

डायटिशियन डॉ मंजू शाह का मानना है कि बच्चों की भोजन संबंधी आदतों में बदलाव के पीछे सोशल मीडिया, ऑनलाइन वीडियो और दोस्तों का प्रभाव बड़ी वजह है। इंटरनेट पर दिखने वाले नए व्यंजन और स्कूल में साथियों के टिफिन देखकर बच्चे भी वैसा ही भोजन खाने की इच्छा जताते हैं। यही कारण है कि पारंपरिक भोजन की जगह आधुनिक फास्ट फूड की मांग लगातार बढ़ रही है।

### प्रदेश महामंत्री अखिलेश सोनी ने गुटबाजी छोड़ शहर विकास पर फोकस करने की दी नसीहत

# भाजपाई पार्षदों की बैठक में उभरा असंतोष

## महापौर की कार्यशैली पर दो खेमों में बंटी राय

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

नगर निगम में भाजपा को बहुमत मिलने के बाद से महापौर और भाजपा पार्षदों के बीच मतभेद की चर्चाएं लगातार राजनीतिक गलियारों में बनी हुई हैं। नगर निगम के भीतर एक पक्ष महापौर की कार्यप्रणाली का समर्थन करता दिखाई दे रहा है, जबकि दूसरा पक्ष कई मामलों में असंतोष जताता रहा है। पार्षदों का कहना है कि निगम के निर्णयों और विकास कार्यों में सभी जनप्रतिनिधियों की भागीदारी सुनिश्चित होनी चाहिए। समय-समय पर महापौर की कार्यशैली को लेकर सवाल भी उठते रहे हैं। शहर में यह चर्चा भी तेज है कि भाजपा पार्षद दल दो अलग-अलग समूहों में नजर आ रहा है।



#### आगे बढ़ सकती है सियासी हलचल

बैठक के बाद भी कई पार्षदों की नाराजगी पूरी तरह खत्म होती नजर नहीं आई। सूत्रों के अनुसार कुछ जनप्रतिनिधि आने वाले दिनों में नगर निगम के विभिन्न मुद्दों पर महापौर से जवाब मांगने की तैयारी कर रहे हैं। बैठक के माहौल को लेकर भी अलग-अलग दावे सामने आए। कुछ पार्षदों ने इसे सामान्य और सकारात्मक बताया, जबकि कुछ का कहना था कि चर्चा के दौरान तीखी बहस भी हुई और कई मुद्दों पर खुलकर असहमति सामने आई। हालांकि पार्टी की ओर से किसी प्रकार के विवाद की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। इसके बावजूद नगर निगम की भाजपा राजनीति में चल रही अंदरूनी खींचतान और गुटबाजी की चर्चाएं फिलहाल शहर की राजनीति का प्रमुख विषय बनी हुई हैं। अब सभी की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि संगठन की नसीहत के बाद भाजपा पार्षद दल में एकजुटता बढ़ती है या आने वाले समय में यह असंतोष और खुलकर सामने आता है।

#### विकास को बताया सर्वोच्च प्राथमिकता

शनिवार को भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री अखिलेश सोनी धमतरी पहुंचे। लोहरसी विश्राम गृह में आयोजित कोर ग्रुप की बैठक के दौरान उन्होंने भाजपा पार्षदों और एमआईसी सदस्यों से भी चर्चा की। बैठक में कुछ पार्षदों ने महापौर के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि शहर में विकास कार्यों को गति देने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं कुछ पार्षदों ने अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि उनकी बातों को अपेक्षित महत्व नहीं मिलता और कई बार अधिकारी भी उनके सुझावों पर ध्यान नहीं देते। सभी पक्षों को सुनने के बाद प्रदेश महामंत्री ने स्पष्ट कहा कि भाजपा का उद्देश्य केवल शहर का विकास और संगठन को मजबूत करना है। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों से व्यक्तिगत मतभेद भुलाकर जनता के हित में मिलकर काम करने कहा।

# जगदीश मंदिर में औषधीय काढ़ा के लिए लगी श्रद्धालुओं की भीड़

- 108 वर्षों की परंपरा का निर्वाह, जगन्नाथ महाप्रभु रथयात्रा महोत्सव शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी





शहर के ऐतिहासिक जगदीश मंदिर में भगवान जगन्नाथ महाप्रभु की रथयात्रा महोत्सव की शुरुआत के साथ ही 108 वर्षों से चली आ रही पारंपरिक काढ़ा वितरण की परंपरा का शनिवार की सुबह शुभारंभ हुआ। सुबह 7:30 बजे से मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं को विशेष औषधीय काढ़ा वितरित किया गया। भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा और भाई बलभद्र के अस्वस्थ होने के उपरांत एकांतवास की धार्मिक मान्यता के अनुसार भक्तों को यह काढ़ा प्रसाद स्वरूप दिया जाता है। पहले ही दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु अपने-अपने पात्र लेकर मंदिर पहुंचे और श्रद्धापूर्वक काढ़ा ग्रहण किया।

वितरण से पूर्व मंदिर में महाआरती, पूजा-अर्चना, जयघोष और शांति पाठ के साथ धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए। ब्रह्ममुहूर्त में प्राचीन जड़ी-बूटियों एवं अन्य औषधीय सामग्री से विशेष विधि से तैयार किए गए काढ़ा का वितरण किया गया। जगदीश मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष किरण कुमार गांधी ने बताया कि श्रद्धालुओं के लिए प्रतिदिन सुबह 7:30 बजे से 14 जुलाई तक काढ़ा वितरण किया जाएगा। रथयात्रा की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

काढ़ा वितरण में पुजारी बालकृष्ण शर्मा, गौरव शर्मा पुजारी, उपाध्यक्ष सत्यनारायण राठी, सचिव प्रकाश गांधी, सहसचिव मोहन अग्रवाल, कोषाध्यक्ष लखमशी भानुशाली, ट्रस्टी श्यामसुंदर अग्रवाल, डॉ. हीरा महावर, श्याम अग्रवाल, हर्षद मेहता, गोपाल शर्मा, लक्ष्मीचंद बाहेती, अजय अग्रवाल, विपिन पटेल, मदनमोहन खंडेलवाल, बिहारीलाल अग्रवाल, दयाराम अग्रवाल, रमेश लाट, भरत सोनी, बालकृष्ण शर्मा महाराज, अनिल मित्तल, आमंत्रित सदस्य विनोद अग्रवाल एवं रविकांत अग्रवाल जुटे हुए हैं।

रथयात्रा महोत्सव की तैयारी में प्रीतेश गांधी प्रदेश अध्यक्ष सर्व गुजराती समाज छत्तीसगढ़ एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य अखिल भारत गुजराती समाज, संजय अग्रवाल, दिलीप सोनी, महेन्द्र पंडित, राजेंद्र शर्मा, कीर्ति शाह, गोवर्धन सोनी, महेंद्र राजपुरिया, हरि कटारिया, अजीत खंडेलवाल, अनुराग महावर, कुलेश सोनी पार्षद, पिंटू यादव पार्षद, राजेंद्र लुंकड़, सूरज शर्मा, रवि शर्मा, निशित पटेल, अंसुल महावर, प्रजय महावर, सुनील सोनी, दिलीप गांधी, सुधीर गांधी, जयेश मेहता, सुबोध ठाकुर, अनंत शाह, राम शर्मा, आकाश जसूजा, गोलू ठाकुर एल्डरमेन, योगेश गांधी, प्रतापराव कृदत, सूर्यप्रकाश अग्रवाल, प्रियंक गांधी, राकेश चंदवानी पार्षद, दुष्यंत, वेदांत खंडेलवाल, आकाश जसूजा, राम शर्मा जुटे हैं।

## नगारची ने शिकायत को बताया झूठा और दुर्भावनापूर्ण

**कुरूद।** प्रदेश कानूनी सलाहकार रुकेश कुमार नगारची ने उनके खिलाफ कुरूद थाने में दर्ज शिकायत को पूरी तरह निराधार, मनगढ़ंत और दुर्भावनापूर्ण बताया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि कोटवार एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ के कुछ पदाधिकारी उन्हें मानसिक और आर्थिक रूप से प्रताड़ित करने के उद्देश्य से झूठी शिकायतें कर रहे हैं।

प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार 8 जुलाई को एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष प्रेमकिशोर बाघ अपनी टीम के साथ धमतरी पहुंचे, जिसके बाद कुरूद थाने में शिकायत दर्ज कराई गई। श्री नगारची का दावा है कि वे कोटवारों के हक और भू-स्वामित्व अधिकार के लिए लगातार कानूनी लड़ाई लड़ रहे हैं। उन्होंने बताया कि उनकी ओर से दायर जनहित याचिका पर उच्च न्यायालय में तीन बार सुनवाई हो चुकी है और हाल ही में फुल बेंच के समक्ष हुई सुनवाई के बाद निर्णय सुरक्षित रखा गया है। श्री नगारची ने यह भी आरोप लगाया कि उन्होंने सूचना के अधिकार के माध्यम से एसोसिएशन की कार्यप्रणाली को लेकर शिकायत की थी, जिसके बाद फर्म्स एवं पंजीयन विभाग ने आय-व्यय का वार्षिक विवरण प्रस्तुत नहीं करने पर 23,400 रुपये का अर्थदंड लगाया और मामले की जांच जारी है। इस मामले की अगली सुनवाई 17 जुलाई को नया रायपुर स्थित विभागीय कार्यालय में प्रस्तावित है। उन्होंने कहा कि उनके खिलाफ दर्ज शिकायत पूरी तरह झूठी, भ्रामक और दुर्भावनापूर्ण है। इन आरोपों पर कोटवार एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ की ओर से कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

## 5 साल से एक शिक्षक के भरोसे चल रही 5 कक्षाएं

- चंदनपुर प्राथमिक शाला में कमार बच्चों की पढ़ाई हो रही प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭कुकरेल(धमतरी)



धमतरी जिला से लगभग 35 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत डोकाल के आश्रित ग्राम चंदनपुर में एक शिक्षक पांच कक्षाएं पढ़ा रहे हैं जिसके कारण वहां के कमार बच्चों को जो शिक्षा मिलनी चाहिए वह नहीं मिल पा रही है। चंदनपुर के कमार बच्चों की संख्या दिनोंदिन बढ़ती जा रही है। वर्तमान में 28 कमार बच्चे अध्यनरत हैं लेकिन 5 साल से एक ही शिक्षक पढ़ा रहे हैं। पालकों ने शासन-प्रशासन से चंदनपुर प्राथमिक शाला में दो और शिक्षक पदस्थ करने की मांग की है। ग्रामीण अध्यक्ष फागू राम कमार ने बताया कि यहां की प्राथमिक शाला में अब 28 बच्चे दाखिल हो गए हैं लेकिन एक ही शिक्षक हैं। कम से कम दो और शिक्षकों की व्यवस्था होनी चाहिए। इसकी जानकारी शाला विकास समिति के माध्यम से विकासखंड शिक्षा अधिकारी नगरी को दी गई है लेकिन अब तक शिक्षक की व्यवस्था नहीं की गई है। चंदनपुर के पालक फागूराम कमार, चांद कुमार, जल कुमार, परमेश्वर कमार ने जिलाधीश से प्राशा में तत्काल दो और शिक्षक भेजने की मांग की है।

## दो माह से मानदेय नहीं मिलने पर रोष

- आंबा कार्यकर्ता-सहायिकाओं ने गिनाईं समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



छत्तीसगढ़ जुझारू आंगनबाड़ा कार्यकर्ता सहायिका संघ ने विभिन्न समस्याओं के निराकरण को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। संघ की जिलाध्यक्ष रेवती वत्सल सहित कार्यकर्ता, सहायिकाओं ने पांच विषयों पर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए कहा है कि आंबा कार्यकर्ता, सहायिकाओं को दो माह का मानदेय नहीं मिला है। समय पर वेतन नहीं दिए जाने से आर्थिक समस्या से जूझना पड़ता है। माह की पांच तारीख तक मानदेय, ईंधन की राशि प्रतिमाह देने, गर्म भोजन की राशि भी समूह के खाते में प्रतिमाह दिया जाए।

सुपोषण चौपाल एवं पोषण की इंसेटिव भी हर माह जमा होनी चाहिए। डाटा चार्ज 166 रुपए प्रतिमाह देने, डीए, डीए 2025 की राशि तत्काल खाते में डालने की मांग की। बताया कि मातृ वंदना प्रोत्साहन की राशि 2019 से नहीं मिली है। अप्रैल माह में लगभग 30 आंबा कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं का मानदेय काटा गया है। उसे भी शीघ्र प्रदान करने की मांग की है।

## रूद्री में मानसून कप सीजन-1 का रोमांच

- पहला मुकाबला कांकेर एवं रायपुर के मध्य खेला गया

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



रूद्री स्थित शीतला माता मंदिर परिसर खेल मैदान में शुक्रवार को तीन दिवसीय मानसून कप सीजन-1 अंतर जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती रंजना डीपेन्द्र साहू थीं। पहला मुकाबला कांकेर एवं रायपुर के मध्य खेला गया, जो रोमांच से भरपूर रहा।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि रंजना साहू ने कहा कि खेल से ही अनुशासन, एकता और टीम भावना का विकास होता है। ग्रामीण क्षेत्र में इस तरह के आयोजन से युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का सुनहरा अवसर मिलता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता किसान नेता दिग्विजय सिंह कृदत ने की। उन्होंने कहा कि किसान और जवान देश की रीढ़ हैं। आज के दौर में युवाओं को खेल के मैदान से जोड़ना बहुत जरूरी है। इस प्रतियोगिता से खेल भावना को बढ़ावा मिलेगा और नई प्रतिभाएं सामने आएंगी। विशिष्ट अतिथि सरपंच श्रीमती लक्ष्मी तरुण बया, जनपद सदस्य श्रीमती अनीता यादव, खेल अधिकारी आलोक देव, के. सदाशिव राव क्षेत्रीय अध्यक्ष बस्तर जोन, गोपाल शर्मा, नितेश कुमार साहू, सुशांत राव, पूर्व जनपद सदस्य जागेंद्र साहू, ललित कुर्रे, दौलत वर्मा, महेंद्र देवांगन, संजू, हरीश साहू, अरविंद देवांगन, यशवंत पटेल, रामेश्वर सिन्हा, सौरभ गोस्वामी थे।

## बालक चौक नाले की हुई साफ-सफाई



**धमतरी।** शहर के बालक चौक क्षेत्र में लंबे समय से नाले में जमा मलबा, कचरा, डिस्पोजल और झिल्ली के कारण पानी की निकासी बाधित हो रही थी। इस समस्या के समाधान के लिए पुल को तोड़कर नाले की व्यापक सफाई की गई तथा वर्षों से जमा अवरोधों को बाहर निकाला गया। इसके बाद नगर निगम के लोक निर्माण विभाग अध्यक्ष विजय मोटवानी की देखरेख में पुल की दोबारा मजबूत ढलाई कर दी गई है। निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद आगामी दो से चार दिनों में इस मार्ग पर आवागमन सुचारु रूप से शुरू होने की उम्मीद है। आमापारा वार्ड में जलभराव की समस्या को दूर करने के लिए किए गए इस कार्य से अब बरसाती पानी की निकासी निर्बाध रूप से हो सकेगी। साथ ही मकई तालाब तक पानी का प्रवाह भी बेहतर होगा, जिससे जल संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा। विजय मोटवानी ने कहा कि शहर के विकास कार्यों को आगे बढ़ाते हुए शहरवासियों की सेवा करना उनके लिए सौभाग्यशाली अवसर है। महापौर रामू रोहरा के निर्देश पर नाली निर्माण, पुल निर्माण सहित अन्य विकास कार्य लगातार जारी हैं। उन्होंने स्वीकार किया कि निर्माण कार्य के दौरान आमजन को कुछ असुविधा हुई होगी, जिसके लिए वे क्षमा प्रार्थी हैं।
















